चित्रकूट-पुलिस

(1). नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 07.02.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

(2). आज दिनाँक 07.02.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में महाकुंम्भ 2025 प्रयागराज को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत एवं शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग तथा बार्डर पर बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेंकिग की गयी।

(3). आज दिनाँक 07.02.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह द्वारा महाकुंभ-2025 व आगामी पूर्णिमा व महाशिव रात्रि त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए पटेल तिराहा पर अतिक्रमण को हटवाया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वार रोड पर लगाये गये ठेला,कम्बल बेचने वाले दुकानदारों को हिदायत दी गयी कि मानक के अनरुप रोड के किनारे ही रहकर समान को बेचें, जिससे यातायात सुचारू रुप से चलता रहे । जनपद में श्रद्धालुओं का आगमन भारी संख्या में हो रहा है जिससे वाहनों का आवागमन ज्यादा हो रहा है। रोड पर अत्यधिक अवैध अतिक्रमण न करें अत्यधिक अतिक्रमण करने कारण जाम लग रहा है। आप लोग भी महाकुंभ-2025 को सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग प्रदान करें।

(4). अज्ञात शव की शिनाख्त करने में मदद करें।

दिनांक 06.02.2025 को मजरा जिगनवा ग्राम गिदूरहा थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट के चौकीदार द्वारा सूचना मिली कि जिगनवा के जंगल में एक अज्ञात व्यक्ती उम्र लगभग 70 वर्ष का शव पड़ा है । सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर द्वारा मौके पर पहुंचकर शव का पंचायत नामा भरकर मोर्चरी भेजा गया है। परन्तु अज्ञात व्यक्ति उपरोक्त की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पायी है ।

अतः अनुरोध है कि अज्ञात व्यक्ति के शव की शिनाख्त होने पर नीचे अंकित मो0नं0 पर सूचना देने की कृपा करें ।

उम्र- लगभग 70 वर्ष,

पहनावा- हरा स्वेटर पीला लाइनदार,नीला शर्ट,हाफ नेकर लाइनदार ,गले में काला माला,

चेहरा- सफेद बाल एवं रगं सावला

क्षेत्राधिकारी मऊ मो0नं0-9454401357,9305101115

प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर-मो0नं0-9305101104,9454403206